	आदेश और पदाधिकारी का हस्ताक्षर	आदेश की गई कार्रवाई के बारे में टिप्पणी तारीख सहित

न्यायालय अपर समाहर्त्ता, गढ़वा

भूमि बिक्री अनुमति वाद सं०–16/2021

सी० एन०टी० एक्ट की धारा 46(1)(A) के अंतर्गत

श्री रामसेवक उराँव—विक्रेता

प्रति

शांति कुवंर—क्रेता

–आदेश:–

अभिलेख उपस्थापित। आवेदक/विक्रेता श्री रामसेवक उराँव, पिता–स्व० कोमन उराँव, ग्राम–पिण्डरा, पोस्ट–ओखरगाडा, थाना–मेराल, जिला–गढ़वा ने नीचे दर्ज निम्नांकित भूमि को क्रेता शांति कुवंर, पिता–श्री रामसेवक उराँव, पति–स्व० रंजित खलखो, ग्राम–पिण्डरा, पोस्ट–ओखरगाडा, थाना–मेराल, जिला–गढ़वा को छोटानागपुर काश्तकारी अधिनियम की धारा 46(1)(A) के अंतर्गत भूमि बिक्री करने हेतु आवेदन पत्र दिया है। उक्त आवेदन पत्र पर अंचल अधिकारी, मेराल से आवेदन पत्र में वर्णित भूमि पर जाँच कर विहित प्रपत्र में स्पष्ट अनुशंसा के साथ एवं आम इस्तेहार का विधिवत तामिला कराकर प्रतिवेदन की मांग की गई। अंचल अधिकारी, मेराल के पत्रांक 481/दिनांक 02.09.2022 के द्वारा जाँच प्रतिवेदन विहित प्रपत्र में एवं आम इस्तेहार का तामिला प्रतिवेदन प्राप्त हुआ एवं विक्रेता के द्वारा प्रतिवेदित भूमि के सम्बन्ध में आवश्यक कागजात प्रस्तुत किया गया।

प्राप्त जाँच प्रतिवेदन एवं विक्रेता के द्वारा प्रस्तुत कागजातो के अवलोकन से स्पष्ट होता है कि प्रस्तावित भूमि विक्रेता के पिता कोमल उराँव वगैरह के नाम से मांग चलता है। विक्रेता जाति के धांगर उराँव (अनुसूचित जनजाति) एवं क्रेता जाति के उराँव (अनुसूचित जनजाति) के सदस्य हैं। विक्रेता एवं क्रेता दोनों एक ही थाना मेराल एवं जिला गढ़वा के निवासी हैं। विक्रेता प्रस्तावित भूमि को बिक्री करने के पश्चात् भूमिहीन नहीं होते हैं। प्रस्तावित भूमि भूदान, भू–हदबंदी, वन सीमा एवं सार्वजनिक उपयोग इत्यादि से मुक्त है प्रस्तावित भूमि आवेदक/विक्रेता के दखल–कब्जे में है

अतः अंचल अधिकारी, मेराल के जाँच प्रतिवेदन/अनुशंसा के आधार पर आवेदक/विक्रेता श्री रामसेवक उराँव, पिता–स्व० कोमन उराँव, ग्राम–पिण्डरा, पोस्ट–ओखरगाडा, थाना–मेराल, जिला–गढ़वा ने क्रेता शांति कुवंर, पिता–श्री रामसेवक उराँव, पति–स्व० रंजित खलखो, ग्राम–पिण्डरा, पोस्ट–ओखरगाडा, थाना–मेराल, जिला–गढ़वा को नीचे दर्ज निम्नांकित भूमि को बिक्री करने हेतु छोटानागपुर काश्तकारी अधिनियम की धारा 46(1)(A) के अंतर्गत बिक्री द्वारा हस्तान्तरण करने की स्वीकृति दी जाती है।

–भूमि का विवरण:–

ग्राम	थाना सं०	खाता सं०	प्लॉट सं०	रकबा (एकड़ में)	चौहदी
1	2	3	4	5	6
पिण्डरा	244	22	387	0.87	उ०–सोमर उराँव, द०–विनोद उराँव, पू०–बसंत विश्वकर्मा, प०–सड़क,
			547	1.00	उ०–अहमद अंसारी, द०–विनोद उराँव, पू०–मानदेव मेहता, प०–बिफई उराँव
		कुल रकबा:–		01.87	

आदेश की प्रति आवश्यक कार्रवाई हेतु जिला अवर निबंधक, गढ़वा को भेजे।

लेखापित एवं संशोधित।

अपर समाहर्त्ता, गढ़वा

अपर समाहर्त्ता, गढ़वा

Digitally signed by Pankaj Kumar Singh
Date: 2022.12.05 16:15:47 +05:30
Location: 192.168.36.160

Scanned with CamScanner